भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. †501

सोमवार, 6 फरवरी, 2023/17 माघ, 1944 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत राजस्थान को आवंटित की गई निधि

†501. श्री पी.पी. चौधरीः

श्री निहाल चन्द चौहानः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या स्वदेश दर्शन योजना (एसडीएस) आज भी कार्यशील है और यदि हां, तो एसडीएस की प्रमुख विशेषताएं क्या हैं तथा इस योजना की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान विभिन्न राज्यों को केन्द्रीय वित्तीय सहायता (सीएफए) के रूप में आवंटित की गई धनराशि और इस योजना के अंतर्गत राजस्थान राज्य को आवंटित की गई धनराशि के संबंध में आंकड़ें क्या हैं;

(ग) इस योजना के अंतर्गत शामिल राजस्थान सहित देश के क्षेत्रों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है और इस योजना के अंतर्गत अब तक राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितनी धनराशि व्यय की गई है;

(घ) क्या उक्त योजना के अंतर्गत राजस्थान में पर्यटक परिपथ विकसित किए गए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) भविष्य के लिए इस योजना के अंतर्गत राजस्थान सहित देश के अन्य राज्यों की प्रस्तावित परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ङ) : पर्यटन मंत्रालय ने वर्ष 2014-15 में देश में विषय आधारित पर्यटक परिपथों के एकीकृत विकास के लिए 'स्वदेश दर्शन योजना (एसडीएस)' शुरू की थी । योजना के तहत विकास के लिए परियोजनाओं की पहचान राज्य सरकारों/संघ शासित प्रदेशों के प्रशासनों/ केंद्रीय एजेंसियों के परामर्श से की गई थी और उन्हें धन की उपलब्धता, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्ट प्रस्तुत करने, योजना के दिशानिर्देशों का पालन करने और पहले जारी किए गए धन के उपयोग आदि के अधीन स्वीकृत किया गया था । पर्यटन मंत्रालय ने अब स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी2.0) के नाम से नया रूप दिया है, जिसका उद्देश्य एक गंतव्य और पर्यटन-केंद्रित दृष्टिकोण के बाद सतत और जिम्मेदार पर्यटन स्थलों को विकसित करना है ।

मंत्रालय ने एसडीएस 1.0 के तहत देश भर में चिन्हित विषयगत परिपथों के अंतर्गत 5315.59 करोड़ रुपए की लागत से कुल 76 परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है । जिसमें से 59 परियोजनाओं का वास्तविक रूप से निष्पादन पूरा हो चुका है । स्वदेश दर्शन योजना के तहत राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों के लिए स्वीकृत और जारी की गई धनराशि सहित स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण संलग्न है ।

स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत राजस्थान सहित देश में विकास के लिए वर्तमान में चिन्हित स्थलों की सूची इस प्रकार है।

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	अभिज्ञात किए गए गंतव्य
1	आंध्र प्रदेश	गंडिकोटा, अराकू-लंबासिंगी
2	अरुणाचल प्रदेश	मेचुका, बोमजीर
3	असम	जोरहाट, कोकराझार (मानस)
4	बिहार	गया, नालंदा
5	गोवा	पोरवोरिम, कोलवा
6	गुजरात	द्वारका, धोलावीरा
7	हरियाणा	पंचकूला (मोरनी हिल्स)
8	कर्नाटक	हम्पी, मैसूर
9	केरल	कुमारकोम, कोझीकोड (बेपोर)
10	मध्य प्रदेश	ग्वालियर
11	महाराष्ट्र	सिंधुदुर्ग
12	मेघालय	शिलांग, सोहरा
13	मिजोरम	आइजोल, चम्फाई
14	नागालैंड	न्यूलैंड, चुमुकेडिमा
15	पंजाब	अमृतसर, कपूरथला
16	राजस्थान	बूंदी (केसरीपाटन), जोधपुर
17	तमिलनाडु	मामल्लपुरम, द नीलगिरिस
18	तेलंगाना	भोंगीर
19	त्रिपुरा	अगरतला, उनाकोटी
20	उत्तर प्रदेश	प्रयागराज
21	चंडीगढ़	चंडीगढ़
22	लक्ष्यद्वीप	लक्ष्यद्वीप
23	पुद्दुचेरी	पुद्दुचेरी, कराईकल
24	लद्दाख	लेह तथा कारगिल

*****

अनुबंध

स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत राजस्थान को आवंटित की गई निधि के संबंध में दिनांक 06.02.2023 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †501 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में विवरण

स्वदेश दर्शन योजना (एस डीएस1.0) के तहत चिन्हित विषयों के अंतर्गत स्वीकृत, जारी और उपयोग की गई धनराशि सहित परियोजनाओं का विवरण।

(राशि करोड़ रु. में)

क्र. सं.	राज्य / संघ शासित	परिपथ / स्वीकृति का वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि	जारी की गई राशि*	उपयोग की गई राशि
1.	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	तटवर्ती परिपथ 2016-17	लॉन्ग आइलैंड-रॉस स्मिथ आइलैंड-नील आइलैंड-हैवलॉक आइलैंड-बराटांग आइलैंड-पोर्ट ब्लेयर का विकास	27.57	20.89	14.51
2.	आंध्र प्रदेश	तटवर्ती परिपथ 2014-15	काकीनाडा - होप द्वीप- कोरिंगा वन्यजीव अभयारण्य - पसरलापुडी - अड्डूरू - एस यानम - कोटिपल्ली का विकास	67.84	67.84	67.84
3.	आंध्र प्रदेश	तटवर्ती परिपथ 2015-16	नेल्लोर का विकास : (पुलिकट झील - उब्बलमाडुगु जलप्रपात - नेलपट्टू - कोठाकोडुरु - मायपादु रामतीर्थम – इस्कापल्ली)	49.55	47.76	50.96
4.	आंध्र प्रदेश	बौद्ध परिपथ 2017-18	शालिहुंडम-बाविकोंडा-अमरावती-अनूपु का विकास।	24.14	24.14	24.14
5.	अरुणाचल प्रदेश	उत्तर-पूर्वी परिपथ 2014-15	भालुकपोंग-बोमडिला और तवांग का विकास	49.77	47.28	39.81
6.	अरुणाचल प्रदेश	उत्तर-पूर्वी परिपथ 2015-16	नफरा-सेप्पा-पप्पू, पासा पक्के घाटियों-सांगडुपोटा-नई सागली-जीरो-योमचा का विकास	96.72	91.88	84.24

7.	असम	वन्यजीव परिपथ 2015-16	मानस - प्रोबिटोरा- नमेरी- काजीरंगा- डिब्रू- सैखोवा का विकास	94.68	89.94	89.53
8.	असम	विरासत परिपथ 2016-17	तेजपुर-माजुली-शिवसागर का विकास	90.98	86.42	86.42
9.	बिहार	तीर्थंकर परिपथ 2016-17	वैशाली-आरा-मसाद-पटना-राजगीर-पावापुरी-चंपापुरी का विकास	33.97	30.04	26.19
10.	बिहार	आध्यात्मिक परिपथ 2016-17	कांवरिया रूट सुल्तानगंज धर्मशैया- देवघर का विकास।	44.76	42.52	40.51
11.	बिहार	बौद्ध परिपथ 2016-17	बौद्ध परिपथ का विकास : बोधगया में कन्वेंशन सेंटर का निर्माण।	95.18	93.22	93.22
12.	बिहार	ग्रामीण परिपथ 2017-18	भितिहरवा-चंद्रहिया-तुरकौलिया का विकास	44.27	39.96	35.72
13.	बिहार	आध्यात्मिक परिपथ 2017-18	मंदार हिल और अंग प्रदेश का विकास	44.55	42.32	39.34
14.	छत्तीसगढ	जनजातीय परिपथ 2015-16	जशपुर-कुनकुरी-मैनपाट-कमलेशपुर महेशपुर-कुरदार सरोधादादर- गंगरेल-कोंडागांव-नथियानवागांव-जगदलपुर-चित्रकूट-तीर्थगढ़ का विकास	96.10	94.23	94.23
15.	गोवा	तटवर्ती परिपथ 2016-17	सिंक्वेरिम-बागा, अंजुना-वागातोर, मोरजिम-केरी, अगुआड़ा किला और अगुआड़ा जेल का विकास	97.65	92.76	92.76
16.	गोवा	तटवर्ती परिपथ 2017-18	तटवर्ती परिपथ परिपथ II का विकास: रुआ डे ओरम क्रीक - डोना पाउला - कोइवा - बेनाउलिम	99.35	94.38	94.38

17.	गुजरात	विरासत परिपथ 2016-17	अहमदाबाद-राजकोट-पोरबंदर बारडोली-दांडी का विकास	58.42	56.21	55.67
18.	गुजरात	विरासत परिपथ 2016-17	वडनगर-मोधेरा का विकास।	91.12	87.25	85.63
19.	गुजरात	बौद्ध परिपथ 2017-18	जूनागढ़ –गिर –सोमनाथ - भरूच- कच्छ –भावनगर – राजकोट -मेहसाणा का विकास।	26.68	22.28	19.96
20.	हरियाणा	कृष्ण परिपथ 2016-17	कुरुक्षेत्र में महाभारत से संबंधित स्थलों पर पर्यटन अवसंरचनाओं का विकास।	70.91	77.88	69.53
21.	हिमाचल प्रदेश	हिमालय परिपथ 2016-17	हिमालय परिपथ का विकास: कियारीघाट, शिमला, हाटकोटी, मनाली, कांगड़ा, धर्मशाला बीर, पालमपुर, चंबा।	68.34	64.55	60.80
22.	जम्मू और कश्मीर	हिमालय परिपथ 2016-17	जम्मू-श्रीनगर-पहलगाम-भगवती नगर-अनंतनाग-सलामाबाद उरी-कारगिल-लेह का विकास।	77.33	61.87	59.30
23.	जम्मू और कश्मीर	हिमालय परिपथ 2016-17	जम्मू-राजौरी-शोपियां-पुलवामा में पर्यटक सुविधाओं का विकास।	81.60	67.35	59.41
24.	जम्मू और कश्मीर	हिमालय परिपथ 2016-17	पर्यटक सुविधाओं का विकास - प्रधान मंत्री विकास पैकेज के तहत 2014 में बाढ़ में नष्ट हुई संपत्तियों के बदले संपत्ति का निर्माण।	90.43	74.70	67.07
25.	जम्मू और कश्मीर	हिमालय परिपथ 2016-17	मंतलाई और सुधमहादेव में पर्यटक सुविधाओं का विकास।	92.00	87.19	84.46

26.	जम्मू और कश्मीर	हिमालय परिपथ 2016-17	अनंतनाग-पुलवामा-किश्तवाड़-पहलगाम- जांस्कर पदुम-दकसुम -रंजीत सागर बांध में पर्यटक सुविधाओं का विकास।	86.39	69.95	63.25
27.	जम्मू और कश्मीर	हिमालय परिपथ 2016-17	गुलमर्ग-बारामूला- कुपवाड़ा-कारगिल- लेह में पर्यटक सुविधाओं का विकास।	91.84	73.45	53.95
28.	झारखंड	ईको- परिपथ 2018-19	दलमा- बेतला राष्ट्रीय उद्यान-मिर्चैया- नेतरहाट का विकास।	30.11	26.37	16.37
29.	केरल	ईको- परिपथ 2015-16	पत्तनमतिट्टा- गावी- वागामोन-थेक्कडी का विकास।	64.08	64.08	64.08
30.	केरल	आध्यात्मिक परिपथ 2016-17	सबरीमाला - एरुमेली- पंपा-सन्निधानम का विकास ।	54.88	27.44	21.05
31.	केरल	आध्यात्मिक परिपथ 2016-17	श्री पद्मनाभ अरनामुला का विकास।	78.08	73.77	70.00
32.	केरल	ग्रामीण परिपथ 2018-19	मलानाड मालाबार क्रूज पर्यटन परियोजना का विकास।	80.37	23.77	20.34
33.	केरल	आध्यात्मिक परिपथ 2018-19	शिवगिरि श्री नारायण गुरु आश्रम - अरुविपुरम - कुन्नुमपारा श्री सुब्रह्मनियम – चेम्बाझंथी श्री नारायण गुरुकुलम का विकास ।	66.43	15.57	8.81
34.	मध्य प्रदेश	वन्यजीव परिपथ 2015-16	पन्ना- मुकुंदपुर- संजय- डुबरी-बांधवगढ़- कान्हा- मुक्की- पेंच में वन्यजीव परिपथ का विकास।	92.10	86.31	83.83
35.	मध्य प्रदेश	बौद्ध परिपथ 2016-17	सांची- सतना- रीवा- मंदसौर-धार का विकास।	74.02	72.75	69.08
36.	मध्य प्रदेश	विरासत परिपथ 2016-17	ग्वालियर- ओरछा- खजुराहो-चंदेरी- भीमबेटका- मांडू का विकास।	89.82	89.49	87.39

37.	मध्य प्रदेश	ईको- परिपथ 2017-18	गांधीसागर बांध- मंडलेश्वर बांध- ओंकारेश्वर बांध- इंदिरा सागर बांध- तवा बांध- बरगी बांध- भेड़ा घाट- बाणसागर बांध- केन नदी का विकास।	93.76	89.08	88.58
38.	महाराष्ट्र	तटवर्ती परिपथ 2015-16	सिंधुदुर्ग तटवर्ती परिपथ का विकास - सागरेश्वर, तारकरली, विजयदुर्ग (समुद्र तट और क्रीक), मितभाव।	19.06	18.11	16.45
39.	महाराष्ट्र	आध्यात्मिक परिपथ 2018-19	वाकी- अदासा- धापेवाड़ा- पारदसिंह- तेलनखंडी- गिराड का विकास।	53.96	32.04	22.04
40.	मणिपुर	उत्तर पूर्वी परिपथ 2015-16	मणिपुर में पर्यटक परिपथ का विकास : इंफाल- खोंगजोम ।	72.23	61.32	61.25
41.	मणिपुर	आध्यात्मिक परिपथ 2016-17	श्री गोविंदजी मंदिर, श्री बिजॉय गोविंदजी मंदिर - श्री गोपीनाथ मंदिर - श्री बंगशीबोडन मंदिर - श्री कैना मंदिर का विकास।	45.34	43.04	42.91
42.	मेघालय	उत्तर पूर्वी परिपथ 2016-17	यूमियम (लेक व्यू), यू लुम सोहपेटबिनेंग- मॉडियाडियांग- आर्किड लेक रिजॉर्ट का विकास।	99.13	94.14	94.14
43.	मेघालय	उत्तर पूर्वी परिपथ 2018-19	पश्चिम खासी पहाड़ियों का विकास (नोंगखला –क्रेमतिरोट - खुदोई और कोहमंग जलप्रपात - खरी नदी - मॉथाद्राइशन, शिलांग), जयंतिया पहाड़ियां (क्रांग सूरी जलप्रपात - श्यर्मंग- लुसी), गारो हिल्स (नोकरेक रिजर्व, कट्टा बील, सिजू गुफाएं)	84.97	72.22	50.98
44.	मिजोरम	उत्तर पूर्वी परिपथ 2015-16	थेनजोल और दक्षिण जोट, जिला सेरछिप और रेइक का विकास।	92.26	92.26	90.24

45.	मिजोरम	ईको- परिपथ 2016-17	ईको एडवेंचर परिपथ आइजोल –रॉपुइछिप –खावफावप –लेंगपुई -चतलांग-सकराह मुइतुएतलैंग - मुथी - बेरातलांग- तुइरियल एयर फ़ील्ड - मुईफांग का विकास।	66.37	49.53	49.53
46.	नागालैंड	जनजातीय परिपथ 2015-16	जनजातीय परिपथ पेरेन-कोहिमा -वोखा का विकास	97.36	92.49	92.49
47.	नागालैंड	जनजातीय परिपथ 2016-17	मोकोकचुंग- तुएनसांग -मोन का विकास।	98.14	93.24	93.24
48.	ओडिशा	तटवर्ती परिपथ 2016-17	गोपालपुर, बरकुल, सतपदा और तमपारा का विकास।	70.82	63.56	56.93
49.	पुदुचेरी	तटवर्ती परिपथ 2015-16	दुब्रयापेट - अरिकामेडु - वीरमपट्टिनम - चुन्नंबर - नल्लवडु/ नरमबाई –मनपेट - कलापेट- पुडुचेरी - यानम का विकास।	58.44	58.44	58.08
50.	पुदुचेरी	विरासत परिपथ 2017-18	फ्रेंको -तमिल गांव, कराईकल, माहे और यनम का विकास।	49.44	45.70	43.93
51.	पुदुचेरी	आध्यात्मिक परिपथ 2017-18	पुडुचेरी का विकास - थिरुकंच-कराईकल- यनम।	34.96	30.94	30.94
52.	पंजाब	विरासत परिपथ 2018-19	आनंदपुर साहिब - फतेहगढ़ साहिब - चमकौर साहिब - फिरोजपुर - अमृतसर - खटकर कलां - कलानौर - पटियाला का विकास।	94.51	67.14	52.06
53.	राजस्थान	मरूस्थल परिपथ 2015-16	सांभर लेक टाउन और अन्य स्थलों का विकास।	50.01	50.01	55.89

54.	राजस्थान	कृष्णा परिपथ 2016-17	गोविंद देव जी मंदिर (जयपुर), खाटू श्याम जी (सीकर) एवं नाथद्वारा (राजसमंद) का विकास।	75.80	72.01	67.30
55.	राजस्थान	आध्यात्मिक परिपथ 2016-17	चूरू (सालासर बालाजी) - जयपुर (श्री सामोद बालाजी, घाटके बालाजी, बंधेके बालाजी)- विराटनगर (बीजक, जैनसिया, अंबिका मंदिर)- भरतपुर (कामां क्षेत्र)-धौलपुर (मुचकुंड) मेहंदीपुर बालाजी-चित्तौड़गढ़ (सांवलिया सेठ जी) का विकास।	87.05	72.23	68.91
56.	राजस्थान	विरासत परिपथ 2017-18	राजसमंद (कुंभलगढ़ किला) - जयपुर (जयपुर और नाहरगढ़ किले में अग्रभाग में प्रकाश व्यवस्था) - झालावाड़ (गागरोन किला) - चित्तौड़गढ़ (चित्तौड़गढ़ किला) - जैसलमेर (जैसलमेर का किला) हनुमानगढ़ (गोगामेढ़ी) – उदयपुर (प्रताप गौरव केंद्र) – धौलपुर (बाग-ए-निलोफर तथा पुरानी छावनी) – नागौर (मीरा बाई स्मारक, मेड़ता) –टोंक का विकास ।	70.61	60.91	56.24
57.	सिक्किम	उत्तर पूर्वी परिपथ 2015-16	रांगपो (प्रवेश)– रोराथांग – अरितार - फडमचेन –नाथांग - शेराथांग- सोंगमो- गंगटोक – फोडोंग –मंगन –लाचुंग - युमथांग –लाचेन – थंगु – गुरुडोंगमेर –मंगन -गंगटोक – तुमिनलिंगी -सिंगटम (निकास) को जोड़ने वाले पर्यटक परिपथ	98.05	97.41	92.77

58.	सिक्किम	उत्तर पूर्वी परिपथ 2016-17	सिंगटम –माका –टेमी – बरमोइक टोकेल –फोंगिया – नामची- जोर्थांग –ओखरे – सोमबरिया –दारमदीन –जोरेथांग -मेली (निकास) को जोड़ने वाले पर्यटक परिपथ का विकास।	95.32	90.55	85.18
59.	तमिलनाडु	तटवर्ती परिपथ 2016-17	चेन्नई- मामल्लपुरम - -रामेश्वरम -मानपादु - कन्याकुमारी का विकास	73.13	69.48	69.48
60.	तेलंगाना	ईको- परिपथ 2015-16	महबूबनगर जिले में इको पर्यटन परिपथ का विकास।	91.62	87.04	91.62
61.	तेलंगाना	जनजातीय परिपथ 2016-17	मुलुगु –लकनावरम –मेदवरम -तदवई –दमरवी –मल्लूर - बोगाथा जलप्रपात का विकास।	79.87	79.87	79.87
62.	तेलंगाना	विरासत परिपथ 2017-18	कुतुब शाही हेरिटेज पार्क -पैगाह का मकबरा -हयात बख्शी मस्जिद -रेमंड का मकबरा का विकास।	96.90	70.61	69.11
63.	त्रिपुरा	उत्तर पूर्वी परिपथ 2015-16	अगरतला –सिपाहिजला – मेलाघर -उदयपुर -अमरपुर - तीर्थमुख- मंदिरघाट –दुंबूर – नारीकेलकुंज –गंडाचारा - अंबसा	82.85	73.30	71.45
64.	त्रिपुरा	उत्तर पूर्वी परिपथ 2018-19	सूरमा चेरा – उनाकोटी -जम्पुई हिल्स –गुनाबाती – भुननेश्वरी – नीरमहल –बोक्सानगर – छोट्टाखोला - पिलक अवंगचार्रा का विकास।	44.83	18.37	8.27
65.	उत्तर प्रदेश	बौद्ध परिपथ 2016-17	श्रावस्ती, कुशीनगर, कपिलवस्तु का विकास	87.89	72.56	69.82
66.	उत्तर प्रदेश	रामायण परिपथ 2016-17	चित्रकूट और श्रृंगवेरपुर का विकास	69.45	64.09	56.03

67.	उत्तर प्रदेश	आध्यात्मिक परिपथ 2016-17	अहर-अलीगढ़-कासगंज-सरोसी (उन्नाव) –प्रतापगढ़ -कौशांबी-मिर्जापुर –गोरखपुर – डोमरियागंज –बस्ती –बाराबंकी –आजमगढ़ -कैराना- बागपत - शाहजहांपुर का विकास।	71.91	68.32	66.56
68.	उत्तर प्रदेश	आध्यात्मिक परिपथ 2016-17	बिजनौर- देहात- बांदा-गाजीपुर- सलेमपुर- घोसी-बलिया- अंबेडकर नगर-अलीगढ़- फतेहपुर- देवरिया-महोबा- सोनभद्र- चंदौली-मेरठ-कानपुर-कानपुर मिश्रिख-भदोही का विकास।	67.51	64.14	63.62
69.	उत्तर प्रदेश	विरासत परिपथ 2016-17	कालिंजर किले (बांदा) -मगहर धाम (संत कबीर नगर) -चौरी चौरा, शहीद स्थल (फतेहपुर) -महुआर शहीद स्थल (घोसी) -शहीद स्मारक (मेरठ) का विकास।	33.92	32.27	32.30
70.	उत्तर प्रदेश	रामायण परिपथ 2017-18	अयोध्या का विकास	127.21	115.46	108.62
71.	उत्तर प्रदेश	आध्यात्मिक परिपथ 2018-19	जेवर-दादरी-सिकंदराबाद-नोएडा-खुर्जा-बांदा का विकास	12.03	11.43	9.63
72.	उत्तर प्रदेश	आध्यात्मिक परिपथ 2018-19	गोरखनाथ मंदिर (गोरखपुर) देवी पट्टन मंदिर (बलरामपुर) और वटवासनी मंदिर (डोमरियागंज) का विकास।	18.30	16.81	12.61
73.	उत्तराखंड	ईको- परिपथ 2015-16	टिहरी झील के आसपास टिहरी-चंबा-सरैन का विकास।	69.17	69.17	69.20
74.	उत्तराखंड	विरासत परिपथ 2016-17	कुमाऊँ क्षेत्र का विकास - कटारमल - जोगेश्वर - बैजनाथ - देवीधुरा।	76.32	67.62	68.91

75.	पश्चिम बंगाल	तटवर्ती परिपथ 2015-16	तटवर्ती परिपथ का विकास : उदयपुर- दीघा- शंकरपुर- ताजपुर-मंदारमणि- फ्रेजरगंज- बक्खलाई- हेनरी आइलैंड	67.99	65.07	65.07
76.		मार्गस्थ सुविधाएं 2018-19	सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के सहयोग से उत्तर प्रदेश और बिहार में वाराणसी-गया, कुशीनगर-गया-कुशीनगर में मार्गस्थ सुविधाओं का विकास ।	15.07	14.32	14.16

* नई वित्तीय प्रक्रिया के अनुसार सीएनए को जारी की गई राशि शामिल है।

*****